E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका सं0 : 03/02 – भू0अ0नि0 – राज्य यो0 (आरोप) सुपौल –32/2023 3446 ....**पटना, दिनांकः**– 02/06/2025

आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, सुपौल के पत्रांक 872 दिनांक 02.11.2024 द्वारा श्री प्रभात गौरव (SCL01735), विशेष सर्वेक्षण लिपिक के विरूद्ध दिनांक 30.07.2024 से लगातार अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 14476 दिनांक 02.12.2024 द्वारा श्री गौरव से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 851 दिनांक 24.02.2025 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। तदोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 190 दिनांक 05.03.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंत्वय में अंकित किया गया है कि माह अगस्त 2024 में द्वितीय चरण का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ होने के उपरांत श्री गौरव को निर्मली शिविर से संबद्ध किया गया परन्तु उक्त शिविर में लगातार अनुपस्थित रहे। श्री गौरव से अनाधिकृत अनुपस्थिति के विरूद्ध बन्दोबस्त कार्यालय के पत्रांक 483 दिनांक 02.07.2024 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिसका जबाव समर्पित नहीं किया गया।

इनके द्वारा निदेशालय को समर्पित स्पष्टीकरण में माता तथा स्वयं का तबियत खराब होने एवं पूरी तरह स्वस्थ होने पर योगदान करने का उल्लेख किया गया है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। श्री गौरव का अनाधिकृत अनुपस्थित रहना उनके कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता का द्योतक है। साथ ही अब तक लगातार अनुपस्थित रहने के कारण बन्दोबस्त पदाधिकारी का पत्रांक 477 दिनांक 22.05.2025 द्वारा संविदा समाप्त करने हेतु पुनः पत्र प्रेषित की गयी है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022'' की कंडिका–08 (4) के तहत श्री प्रभाव गौरव (SCL01735), विशेष सर्वेक्षण लिपिक का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Sd/- 2/6/25

(कमलेश कुमार सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02 – भू0अ0नि0 – राज्य यो0 (आरोप) सुपौल –32/2023...3446.......**पटना, दिनांक** : 02/06/2025

प्रतिलिपि : श्री प्रभात गौरव (SCL01735), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 2/6/25

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/02 – भू0अ0नि0 – राज्य यो0 (आरोप) सुपौल –32/2023....3446........**पटना, दिनांक** : 02/06/2025

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 2/6/25

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप